No of Question – 25

सेट – 2

CLASS XI

HINDI - B (CORE)

Full Marks - 50

Pass Marks – 16

निर्देश – इस प्रश्न–पत्र में 25 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए दो (2) अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड – (क)

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा (प्रश्न संख्या 1 से 3 के) उत्तर दीजिए।

प्रेमचंद का एक चित्र मेरे सामने है, पत्नी के साथ फोटो खिंचा रहे हैं। सिर पर किसी मोटे कपड़े की टोपी, कुरता और धोती पहने है। कनपटी चिपकी है, गालों की हड्डियाँ उभर आई हैं, पर घनी मूँछे चेहरे को भरा–भरा बतलाती हैं।

पाँव में केनवस के जूते हैं, जिनके बंद बेतरतीब बँधे हैं। लापरवाही से उपयोग करने पर बंद के सिरों पर लोहे की पतरी निकल जाती है और छेदों में बंद डालने में परेशानी होती है। तब बंद कैसे भी कस लिए जाते हैं।

1) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है?

(A) प्रेमचंद की कहानी (B) प्रेमचंद के फटे जूते

(C) प्रेमचंद का छाता (D) प्रेमचंद के फटे कपड़े

2) प्रेमचंद के पाँव में किसके जूते हैं?

(A) बाटा (B) केनवस

(C) रवादीम (D) चमड़ा

3) प्रेमचंद किसके साथ फोटो खिंचा रहे है?

(A) पुत्री (B) पुत्र

(C) पत्नी (D) मित्र

Pg–01

XI th/ model - 2019/ Hindi - core - B/ SET - II/

4) एक कुत्ता और एक मैना पाठ के आधार पर गुरूदेव कुछ समय के लिए शांतिनिकेतन छोड़कर कहाँ चले गए?

(A) श्रीराम पुर (B) श्रीनिकेतन

(C) श्रीनगर (D) श्रीनिवास पुर

5) देवी मैना सेनापति हे की पुत्री की क्या लगती थी?

(A) बहन (B) माता

(C) सहचरी (D) शिष्या

6) राहुल सांकृत्यायन किस मित्र के साथ तिब्बत यात्रा पर गए थे?

(A) सौरभ (B) सुमति

(C) सुनील (D) संजय

7) एक कुत्ता और एक मैना निबंध में किसके प्रति मानवीय प्रेम प्रदर्शित है?

(A) पशु–पक्षी (B) गरीब भिखारी

(C) माता–पिता (D) छोटे बच्चें

8) आजकल व्यक्ति किसके गिरफ्त में आ गया है?

(A) भोजन (B) बाजार

(C) विद्यालय (D) शिक्षक

निर्देश :– निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 9 से 11 का उत्तर दीजिए।

रोमांचित सी लगती वसुधा
आई जौ गेहूँ में बाली,
अरहर सनई की सोने की
किंकिणियाँ है शोभाशाली।
उड़ती भीनी तैलाक्त गंध
फूली सरसों पीली पीली
लो हरित धरा से झाँक रही
नीलम की कलि, तीसी नीली।

P/2

9) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

(A) मेरा गाँव (B) ग्रामश्री

(C) ग्राम–सौन्दर्य (D) मेरा गाँव मेरा देश

10) हरित धरा से क्या झाँक रही है?

(A) गेहूँ की बाली (B) पीली सरसों

(C) नीलम की कलि (D) अरहर

11) किसका फूल तैलाक्त गंध से युक्त है?

(A) तीसी (B) गेहूँ की बाली

(C) सरसों (D) अरहर का फूल

12) 'यमराज की दिशा' कौन सी है?

(A) पूर्व (B) पश्चिम

(C) उत्तर (D) दक्षिण

13) कबीर दास के अनुसार ईश्वर कहाँ रहते है?

(A) कैलाश (B) काबा

(C) मस्जिद (D) प्रत्येक मनुष्य में

14) रसखान की रचनाओं में किसकी भक्ति है?

(A) राम (B) कृष्ण

(C) शिव (D) विष्णु

15) 'या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी' पंक्ति में किसके मन की भावना व्यक्त हुई है?

(A) कृष्ण (B) राम

(C) गोपी (D) यशोदा

16) 'यमराज की दिशा' कविता में किसके द्वारा दक्षिण दिशा में पैर न करके सोने की चेतावनी दी जाती है?

(A) पिता (B) पुत्र

(C) पुत्री (D) माँ

17) कम से कम शब्दों में सभी भावों को उड़ेलना क्या कहलाता है?

(A) भाव–पल्लवन (B) भाव–संक्षेपण

(C) भाव–विस्तार (D) भाव–संकुचन

18) सरकारी कार्यालयों से संबंधित पत्र किस भेद के अन्तर्गत आते हैं –

(A) व्यक्तिगत–पत्र (B) अनौपचारिक–पत्र

(C) औपचारिक–पत्र (D) सामाजिक पत्र

19) 'अवनति' शब्द में कौन सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?

(A) आ (B) अव

(C) अन (D) अ

20) 'झूला' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(A) ला (B) उला

(C) आ (D) झूल

21) 'धृणा' शब्द का लिंग निर्धारित कीजिए

(A) पुलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभय लिंग (D) नपुंसक लिंग

22) फूल सुंदर हैं – यहाँ 'सुंदर' क्या है?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया (D) विशेषण

23) 'आकाश के तारे तोड़ लाना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) असंभव कार्य करना (B) संभव कार्य करना

(C) आकाश में कार्य करना (D) तारे तोड़ने का कार्य करना

24) 'धरती' शब्द का विलोम है –

(A) भूमि (B) धरा

(C) अनल (D) अम्बर

25) 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची होगा –

(A) चीर (B) कोप

(C) प्रभा (D) चक्षु

M (5)

HINDI - B

सेट – 2

उत्तर कुंजी

वर्ग – XI

प्रश्न सं0	सही उत्तर	प्रश्न सं0	सही उत्तर
1	B	11	C
2	B	12	D
3	C	13	D
4	B	14	B
5	C	15	C
6	B	16	D
7	A	17	B
8	B	18	C
9	B	19	B
10	C	20	C
		21	B
		22	D
		23	A
		24	D
		25	A